संघे शक्ति सर्वदा
सत्यमेव जयते
लेखपाल संघ-जिन्दाबाद

# उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ

पंजीकरण संख्या : 75-4/II-A/359,14-11-1962
प्रधान कार्यालय : सुजानपुरा ओमनगर रोड, आलमबाग बस स्टेशन के सामने, लखनऊ - 226005
email : lekhpal.up@gmail.com website : lekhpal.wordpress.com

**राम मूरत यादव**
प्रदेश अध्यक्ष
मो0 : 9456225600
पत्राचार : मो शिवदयाल कम्पाउन्ड,
निकट आई. टी. सी., सहारनपुर 247001 (उ0प्र0)

**ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव**
प्रदेश महामंत्री
मो0 : 9415281875
पत्राचार : कृष्णा नगर, देवरिया खास,
निकट गीता भवन, हनुमान मन्दिर, देवरिया (उ0प्र0)

उपाध्यक्षगण
**दीपक त्यागी**
(पश्चिमी जोन)
मो0 : 9536500281

**भूपेन्द्र सिंह**
(मध्य जोन)
मो0 : 9198895639

**रामपूजन राम**
(पूर्वी जोन)
मो0 : 9451510484

कोषाध्यक्ष
**विनोद कुमार कश्यप**
मो0 : 9760398504

संगठन मंत्रीगण
**सुदेश कुमार**
(पश्चिमी जोन)
मो0 : 9758547258

**मनोज त्रिपाठी**
(मध्य जोन)
मो0 : 9415434880

**विनोद यादव**
(पूर्वी जोन)
मो0 : 9415678593

प्रदेश ऑडिटर
**मूलचन्द पटेल**
मो0 : 9695863623

पत्रांक...218/महामं0/19 दिनांक..26/02/2019

सेवा में,

**मा0 मुख्य सचिव महोदय,**
उ0प्र0 शासन,
लखनऊ।

**विषयः कृषि विभाग की "प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि" योजना के क्रियान्वयन मे मध्य प्रदेश राज्य की भांति प्रशासनिक व्यय/इन्सेन्टिव हेतु 18 रू0 प्रति खाता/लाभार्थी के लेखपालों को भुगतान कराने विषयक।**

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि भारत सरकार द्वारा किसानों की आय में वृद्धि में किसान सम्मान निधि योजना आरम्भ की गयी है जिसके अन्तर्गत किसानों को 6000 रूपये वार्षिक मदद प्रदान की जानी है। कृषि विभाग की उक्त योजना के क्रियान्वयन हेतु लेखपालों से लाभार्थियों की सूची तैयार करायी गयी है जिसमें कृषकों के सम्बन्ध में उनकी भूमि, आधार नम्बर, बैंक खाता आदि विवरण संकलित कर कम्प्यूटर पर अपलोड कराया गया है। इस कार्य हेतु एक पारदर्शी सूची भी लेखपालों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना का लाभ प्राप्त करने वाले कृषकों के घोषणा पत्र संकलन एवं पात्रता की जांच हेतु उपलब्ध करायी गयी थी जो कृषि विभाग द्वारा खाद, बीज, कृषि यंत्र आदि के लिये सब्सिडी हेतु वर्ष 2015 से जनवरी 2019 तक पंजीकृत किये गये थे। पारदर्शी सूची में अधिकांश ऐसे नाम थे जिनके नाम कोई भूमि ही नही है अथवा उस ग्राम के निवासी ही नहीं है और कुछ नाम तो इस दुनिया में कहीं भी नही है जैसे धोनी पुत्र कोहली, पंडित पुत्र त्यागी आदि।

**महोदय उक्त योजना का प्रथम चरण अल्प समय में पूरा करने के लिए लेखपालों ने दिन–रात एक करके क्षेत्रों का भ्रमण कर कृषकों के आवेदन एवं घोषणा पत्र भरवा कर पात्रता सूची कम्प्यूटर पर अपलोड करायी जाय। इस कार्य में लेखपालों द्वारा लगभग रू0 5000/– फोटोस्टेट, रू0 3000/– यात्रा/पेट्रोल व्यय तथा 2000/– रू0 फीडिंग आदि में व्यय किया है। अभी तक एक करोड़ से अधिक पात्र व्यक्तियों का फीडिंग हो चुका हैं तथा अभी भी कार्य चल रहा है। मध्य प्रदेश राज्य में उक्त कार्य हेतु पटवारियों को 18 रू0 प्रति खाता भुगतान किया गया है। जिसमें कुल अनुदान का 0.25% + 0.125% + 0.125% (तीन किस्तो में) धन अर्थात रू0 10/– प्रति खाता/कृषक केन्द्र सरकार द्वारा प्रशासनिक व्यय हेतु तथा शेष पैसा मध्य प्रदेश राज्य सरकार द्वारा दिया गया है।**

अतः महोदय से निवेदन है कि उ0प्र0 के लेखपालों को भी दूसरे विभाग (कृषि विभाग) की "प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना" के क्रियान्वयन में हुए खर्च एवं मानदेय के बदले रू0 18/– प्रति खाता/लाभार्थी भुगतान कराने की कृपा करें।

संस्था महोदय की आभारी रहेगी।

भवदीय

(ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव)